# यूथ विंग ब्रह्माकुमारीज़ के नवरंगपुरा अहमदाबाद के सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित दिव्य गीत कोन्टेस्ट

आज दिनांक 5-10-2014 को गुजरात युनिवर्सिटी के सेनेट हॉल में इस कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय दादी रतन मोहिनी जी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका, ब्रह्माकुमारीज़, माउण्ट आबू, गुजरात युनिवर्सिटी के कुलपति श्री डॉ. एम.एन. पटेल, इण्डियन आइडल विशाल कोठारी, मुम्बई से उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में गुजरात युनिवर्सिटी से सम्बन्धित कोलेज एवं होस्टेल्स के युवाओं ने काफी जोश एवं उमंग-उत्साह से भाग लिया। उनमें से कुछ अन्ध प्रतिभागी भी थे। उनकी देश भक्ति व आध्यात्मिक गीतों की प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को रोमांचित कर दिया। दादी जी ने युवाओं का उमंग उत्साह बढ़ाते हुए सन्देश दिया कि हम अपनी सकारात्मक वृति से सृष्टि को कैसे बदल सकते हैं। विशाल कोठारी ने गीतों के द्वारा सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने देश-विदेश में बहुत कार्यक्रम किये हैं पर आज का यह दिव्य गीत कोन्टेस्ट का कार्यक्रम बहुत विशेष है और इसमें आकर मैंने अनोखा अनुभव किया है।

युवा प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका बी के चंद्रिका दीदी ने नकारात्मक परिस्थितियों में आज का युवा कैसे सकारात्मक सोच द्वारा सफलता को प्राप्त करे, इस पर प्रकाश डाला। कुलपति श्री डॉ एम.एन.पटेल ने सभी युवाओं को प्रोत्साहित किया और ब्रह्माकुमारीज़ की इस दिव्य गीत कोन्टेस्ट की अपने शब्दों द्वारा काफी सराहना की।उन्होंने कहा कि युवा चरित्र निर्माण का कार्य यह ईश्वरीय विश्व विद्यालय विशाल रूप से कर रहा है।

दिव्य गीत कोन्टेस्ट के अनुभवी निर्णायक अमरीश परीख, प्रियंका बासू एवं शिवानी किनारीवाला ने सभी गीतों का विश्लेषण कर प्रथम विजेता ईकबाल सैचा (गीत-मौला ले ले मेरी जान), द्वितीय विजेता अक्षय तमायचे (गीत-मेरा रंग दे बसन्ती चोला) एवं तृतीय विजेता तेजल मेहता (गीत-सत्यम् शिवम् सुन्दरम्) घोषित किये। प्रथम ऑडिशन में 112 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था जिसमें से 31 प्रतिभागी सेमीफाइनल तक पहुंचे। आज के समापन कार्यक्रम में 23 प्रतिभागियों ने अपने गीतों की प्रस्तुतियाँ दी। प्रख्यात संगीतज्ञ डॉन मिस्त्री ने अपने ग्रुप से साथ सभी गीतों को समधुर संगीत प्रदान किया।

सेनेट हॉल में करीब 750 से अधिक दर्शक उपस्थित थे। सभी ने सुबह 8 बजे से दिपहर 2 बजे तक 6 घण्टे तक कार्यक्रम का आनन्द लिया।

इस कार्यक्रम के साथ ही **7 अरब सत्कर्मों की महायोजना** का शुभारम्भ किया। सभी दर्शकों ने अपने जीवन में प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सत्कर्म करने का दृढ़ संकल्प लिया। प्रति मास चौथे शनिवार शाम 7 से 8.30 बजे ब्रह्माकुमारीज़ के नवरंगपुरा केन्द्र पर आकर सत्कर्मों के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की सहमति प्रकट की।


बी के ईशिताबहन

ब्रह्माकुमारीज़

नवरंगपुरा, अहमदाबाद

फोन: 26406397 / 8696